Hindi IX 2017-18

विषय:हिंदी कक्षा:नौवी

सूचना:१)हर प्रश्न का उत्तर नये पन्ने से शुरू कीजिए/

२)प्रश्न क्रमांक और उपप्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए/

३)सभी प्रश्न अनिवार्य है/

१.प्र.अ) निम्नलिखित गद्य-खंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित पर्याय चुनकर लिखो:-(३अंक)

१)"रमजान के तीस रोजों के बाद ईद आई है/घरों में ईदगाह जाने की तैयारियाँ हो रही हैं/ तीन कोस का पैदल रास्ता हैं/फिर सैकडों आदमियों से मिलना-भेंटना हैं/इस अवसर पर लडके ज्यादा प्रसन्न हैं/इनके लिए तो ईद खुशियों से भरा दिन हैं/रोज ईद का नाम रटते थे,आज वह आ ही गई/"

प्रश्न:-

१)यह गद्य-खंड किस पाठ से लिया गया है और इस पाठ के लेखक कौन है?

अ)मुंशी प्रेमचंद-ईदगाह/ आ)भीष्म साहनी/ इ)शंकर शेष/

२)कितने रोजों के बाद ईद आई है?

अ)तीन रोजों के बाद/ आ)चार रोजों के बाद/ इ)पाँच रोजों के बाद/

३)लदके रोज किसका नाम रटते थे?

अ)रमजान का आ)ईद का/ इ)ईदगाह का/

४)घर से ईदगाह कितनी दूरी पर है?

अ)तीन कोस आ)चार कोस इ)पाँच कोस/

आ)निम्नलिखित किसी भी ४ प्रश्नों के उत्तर दस-पंद्रह शब्दों में लिखिए:-(४अंक)

१)तिनके ने पेड से आश्रय क्यों माँगा?

२)गिल्लू आश्वस्त कब हुआ?

३)माँ नीद में क्यों करती थी?

४)लेखक ने किन लोगों को 'टाईम-पीस' कहा है?

५)एकलव्य कौन थे?

६)इमारत के बरामदे में बैठी स्त्री क्यों रो रही थी?

इ)निम्नलिखित कोष्ठक में से उचित शब्दों को चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो:-(पाकिस्तान,अभिमान,सोनजुही,दावत)(४अंक)

१)आज मिस्टर शामनाथ के घर चीफ की --------- थी/

२)---------- में आज एक पीली कली है/

३)मगर अब तूने मेरे ---------- को ललकारा/

४)भारतीय क्रिकेट टीम-------- के दौरे पर थी/

ई)निम्नलिखित जोडिया लगाओ:-(२अंक)

| अ | आ |
|---|---|
| १)गुरूदक्षिणा | अ)सुंदर चंद ठाकुर |
| २)विपदा में मानव-धर्म | आ)शंकर शेष |

२.प्र.अ.निम्नलिखित पद्य-खंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो:-(३अंक)

शागर लहरों से कहता है,
शिशु हैं मानवता की लहरें/
गरज-गरजकर बुला रही हैं,
नन्हें बच्चों को ये लहरें/

प्रश्न:-

१)ये काव्य-पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है और उसके कवि कौन है?

अ)लहरे-रमेश भगवंत वेलुस्कर आ)धरती-नागार्जन इ)मेरा ईश्वर-हरिवंशराय'बच्चन'/

२)सागर ने मानवता की लहरें किन्हें कहा है?

अ)शिशु को कहा है/ आ)लहरों को कहा है/ इ)बच्चों को कहा है/

३)सागर की लहरें बच्चों को किस प्रकार बुला रही है?

अ)जोर-जोर से/ आ)गरज-गरजकर/ इ)पुकारकर/

आ)निम्नलिखित किसी भी ४ प्रश्नों के उत्तर दस-पंद्रह शब्दों में लिखिए:-(४अंक)

१)रानी लक्ष्मीबाई अंत तक कैसे लडी?

२)मधुवन की दशा कैसी हो गई है?

३)दुनिया किसका असली चेहरा जान गई है?

४)धरतीमाता किन लोगों से खुश होती है?

५)अंत में बूँद कहाँ गिर पडी?

इ)निम्नलिखित जोडिया लगाओ:-(२अंक)

| अ | आ |
|---|---|
| १)मेरा ईश्वर | अ)रहीमदास |
| २)नीति के दोहे | आ)अयोध्यायसिंह उपाध्याय'हरिऔध' |

३.प्र.अ.निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो:-(कोई भी १) (२ अंक)

१)आँख-    २)जल-

आ) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)अपना-    २)पूर्ण-

इ)निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताकर मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो: :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)गुम हो जाना-    २)वादा करना-

ई)निम्नलिखित शब्दों उपसर्ग जोडकर नए शब्दों की रचना कीजिए:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)पात्र-    २)गुण-

४.प्र.अ)निम्नलिखित प्रत्यय जोडकर नए शब्दों की रचना करो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)भला-    २)झगडा-

आ)निम्नलिखित वाक्य में अधोरेखांकित शब्दों को शुध्द करके लिखो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)<u>मे अमेशा</u> दस बजे <u>सोथा</u> है।

इ)निम्नलिखित शब्द-युग्म का वाक्य में प्रयोग करो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)हौले-हौले    २)उछलता-कुदता-

ई)निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करके लिखो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)नवीन- २)शेरनी-

५.प्र.अ)निम्नलिखित शब्द का संधि-विच्छेद करके लिखो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)रमेश- २)महेश-

आ)निम्नलिखित सहायक क्रिया का वाक्य में प्रयोग करो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)जाना- २)पड़ना-

इ)निम्नलिखित शब्द का विशेषण रूप लिखो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)घर- भूखा-

ई)निम्नलिखित शब्द भाववाचक संज्ञा रूप लिखो:- :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)मित्र- २)कड़वा-

६.प्र.अ)निम्नलिखित शब्द प्रसंगानुसार भिन्न-भिन्न अर्थ स्पष्ट करने के लिए उसका अलग-अलग वाक्य में प्रयोग करो: :-(कोई भी १) (२ अंक)

१)पर- २)हार-

आ)निम्नलिखित काल पहचानकार उसके प्रकार लिखो:-(२अंक)

१)बच्चे मिठाईयाँ खरीदते है/

इ)निम्नलिखित दिए गए निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करो:(२अंक)

१)हर्ष गीत गा रहा है/(विस्म्या वाचक)

ई)निम्नलिखित अधोरेखांकित अव्यय के भेद पहचानकर लिखो:-(३अंक)

१)उसने पढाई की <u>और</u> पास हुआ/

७.प्र.अ)निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार किसी एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए:-(६अंक)

नीशा/नरेश नाईक,धूळेर,म्हापसा-गोवा से अपने दोस्त/सहेली को 'स्वच्छता का महत्व' समझाते हुए पत्र लिखता/लिखती है/

अथवा

गजेंद्र/गीता सावंत,प्रियोल,फोंडा-गोवा से अपने सरपंच को अपने गांव में खैल का मैदान खोलने के लिए पत्र लिखता/लिखती है/

आ)शिक्षक और छात्र के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखो:-(६अंक)

अथवा

आ)नीचे दिए गए गद्य-खंड का कोंकणी/अंग्रेजी में से एक भाषा में अनुवाद कीजिए:

.मदर तेरेझा ने भारत में आकर कलकत्ता में सेंट मेरी स्कूल में अध्यापिका के नाते काम शुरू किया/लेकिन उनकी समाज सेवा की भावना उन्हें कलकत्ता की दीनदलितों की बस्तियों की ओर खींच रही थी/उ

इ)निम्नलिखित किसी भी एक विषय पर निबंध लिखो:(६अंक)


१)संगणक और विद्यार्थी

२)प्रदूषण-एक धोका

ई)नीचे दी गई कहानी चित्रों के आधार पर पूरी करो और उसे योग्य शीर्ष और सीख दो:-(७अंक)

एक दिन मुर्गी का बच्चा तालाब की ओर जा--------------------------------/उसे समझ नही आया------------------


--------,उसने देखने के लिए अपने पैर पिछे ले लिए/उसे लगा की आसमा गिर गया है------------------------------ बतानी चाही/राजा को यह बताने के लिए वह आगे चल पढा/



तभी बीच रास्ते पर------------------------------------------गई/उसने पूछा कहा जा रही हो/तो उसने कहा------------------


----------------------/मुर्गी के बच्चे ने उसे कहा की -----------------------------------------------------------------

-----------/यह बात में राज को बताने जा रही हूँ/डर कर मुर्गी ,मुर्गी के ------------------------------/




जब वे दोनों जा रहे थे तभी उनको बतक मिल जाता है/मुर्गी उसे बताती है कि-----------------------------------------

-/बतक यह बात सुनकर डर कर उनके साथ चली जाती है/



रास्ते पर जाते वक्त उन्हें टर्की पक्षी मिल जाता है/सब बात बतक उन्हें ------------------------------/टर्की पक्षी भी उनके साथ चला जाता है राज को सब बात बताने के लिए/






कुछ समय बाद उन्हें बीच रास्ते पर मुर्गा मिल जाता है/यह बात जान कर वह डर जाता है और उनके साथ चला जाता है/

चलते-चलते उन्हें------------------------------/लोमडी तो बहुत चालाक निकली/वह उन्हें बताती है कि-------------------

----

राजा का घर दिखाता हूँ और उनको लेकर एक गुफा में लेकर चला जाता है/-----------------------------खा जाता है





उ)हमारी आज की शिक्षा पध्दती में बदलाव आवश्यक है/पढने-लिखने के बाद केवल नौकरी के लिए इस दफ्तर से उस दफ्तर भटकते रहने की नौबत नहीं आनी चाहिए/शिक्षा का उद्देश्य मानव की मानव बनाना तथा उसे स्वावलंबन के रास्ते पर चलना सीखाना है/जिस शिक्षा द्वारा मनुष्य आत्मनिर्भर नहीं हो पाता वह शिक्षा निकम्मी है/आज की शिक्षा पध्दती से रोटी का सवाल हल नहीं होता/बल्की आज का शिक्षित युवक अपने को सामाजिक जीवन से अलग पाता है/इसलिए आज देश और काल के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन जरूरी है/इससे पढाई-लिखाई के बाद आज के युवक को निराश नहीं होना पढेगा/

प्रश्न:-

१)शिक्षा का उद्देश्य क्या है?

अ) मानव की मानव बनाना तथा उसे स्वावलंबन के रास्ते पर चलना सीखाना है/ अ)आदमी बनाना/

२)कौनसी शिक्षा निकम्मी है?

आ) जिस शिक्षा द्वारा मनुष्य आत्मनिर्भर नहीं हो पाता वह शिक्षा निकम्मी है/ आ) जिस शिक्षा द्वारा मनुष्य परिवर्तित नहीं हो पाता वह शिक्षा निकम्मी है/

३)बदलाव शब्द का पर्यायवाची शब्द गद्य-खंड से लिखिए/

अ)परिवर्तन आ)स्वावलंबन